cat protection society
OF NSW

CAT WELFARE – ENGLISH/HINDI

Cat Protection Society	Cat Protection Society
of NSW	of NSW
FACTSHEET	तथ्य-पत्र
Cat welfare	बिल्लियों की देखभाल
Cats make wonderful pets – almost a third of Australian households have a pet cat or cats, and most consider them as part of the family. Pet cats are good for us too – as well as providing companionship, research shows they help us to have better physical and mental health, and they make us happy.	बिल्लियाँ निराली पालतू पशु होती हैं – लगभग एक तिहाई ऑस्ट्रेलियाई घरों में पालतू बिल्ली या बिल्लियाँ हैं और अधिकांश ऑस्ट्रेलियाई घर-परिवार इन्हें परिवार का हिस्सा मानते हैं। पालतू बिल्लियाँ हमारे लिए भी अच्छी होती हैं – संगति प्रदान करने के साथ-साथ, अनुसंधान यह दर्शाता है कि ये हमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रखने में भी मदद देती हैं, और वे हमें खुश करते हैं।
Whether you have decided to feed and befriend a stray cat, adopted from a shelter or chosen your cat from a breeder, you need to ensure your cat is desexed (sterilised). Desexing your cat prevents feline overpopulation and it is good for your cat and the environment.	चाहे आपने किसी भटकी हुई बिल्ली, शरण-स्थान से गोद ली बिल्ली या फिर किसी ब्रीडर (प्रजनक) से चुनी अपनी बिल्ली का पालन-पोषण और दोस्ती करने का फैसला लिया है, आपके लिए यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है कि आपकी बिल्ली को डिसेक्सड (लैंगिकताहीन –वंध्यीकृत) किया गया है। अपनी बिल्ली को डिसेक्स करने से बिल्लियों की जनसंख्या ज़रूरत से अधिक होने में रोकथाम होती है और यह आपकी बिल्ली तथा पर्यावरण के लिए अच्छी बात भी है।
What age should a cat be desexed?	बिल्ली को किस आयु में डिसेक्सड (लैंगिकताहीन) किया जाना चाहिए?
For maximum health and social benefits, all kittens should be desexed before they reach sexual maturity (12-16 weeks/3 -4 months). However, it is never too late to prevent unwanted kittens by desexing adult cats.	सर्वाधिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक लाभों के लिए, बिल्ली के सभी बच्चों को यौन परिपक्वता (१२-१६ सप्ताह/३-४ महीने) की आयु के होने से पहले डिसेक्सड कराया जाना चाहिए। परन्तु, बिल्ली के अवांछित बच्चों के पैदा होने की रोकथाम करने के लिए वयस्क बिल्लियों को कभी भी डिसेक्स कराने में कोई बुराई नहीं है।
Kittens can be safely desexed from 8-10 weeks of age (by the time they weigh 1 kilogram). Early-age desexing prevents the development of antisocial behaviours associated with sexual maturity as well as guaranteeing no unwanted kittens.	बिल्ली के बच्चों को ८-१० सप्ताह की आयु (जब वे 1 किलोग्राम के हो जाते हैं) से सुरक्षित रूप से डिसेक्सड कराया जा सकता है। प्रारम्भिक-आयु में ही डिसेक्स कराने से यौन परिपक्वता से सम्बन्धित समाज-विरोधी व्यवहार को बढ़ने से रोका जाता है तथा साथ ही बिल्ली के किन्हीं अवांछित बच्चों के पैदा न होने की गारंटी भी मिलती है।

103 Enmore Road Newtown 2042
T 9519 7201 or 9557 4818 e info@catprotection.org.au
www.catprotection.org.au

There is absolutely no truth to the old myth that female cats should be allowed to have one litter of kittens before being desexed. In fact, having a litter increases their risk of cancer.	इस पौराणिक बात में बिल्कुल भी कोई सच्चाई नहीं है कि बिल्लियों को डिसेक्स किए जाने से पहले उन्हें कई बच्चे पैदा कर लेने देने चाहिए। वास्तव में, कई बच्चे पैदा करने से कैंसर का खतरा बढ़ता है।
Undesexed ('entire') male cats are much more likely to exhibit unwanted behaviours such as spraying pungent-smelling urine (including inside the house), wandering and getting into fights with other cats. They can also be more aggressive with people and are generally less affectionate than desexed males.	जिन बिल्लों को डिसेक्स ('बधिया') नहीं किया जाता है, उनके अवांछित व्यवहार दर्शाने की संभावना कहीं अधिक होती है जैसे कि तीखी बदबू वाला मूत्र करना (घर के अंदर भी), आवारा घूमना और दूसरे बिल्लों/बिल्लियों के साथ लड़ाई-झगड़ा मोल लेना। वे लोगों के प्रति भी आक्रामक व्यवहार दर्शा सकते हैं और सामान्यत: डिसेक्सड किए बिल्लों की तुलना में कम स्नेही होते हैं।
Undesexed cats are at higher risk of injury, being run over, and potentially fatal diseases such as Feline Immunodeficiency Virus and Feline Leukaemia Virus. Desexing reduces the risk of many types of cancer in both male and female cats.	जिन बिल्लियों को डिसेक्सड नहीं किया जाता है, उन्हें चोट लगने, गाड़ी के नीचे आने और फीलाइन इम्यूनोडेफिसिएंशी वायरस तथा फीलाइन ल्यूकेमिया वायरस जैसी संभावी जानलेवा बीमारियों का खतरा अधिक होता है। डिसेक्स करने से बिल्लों और बिल्लियों दोनों में कई प्रकार के कैंसर का खतरा कम होता है।
Desexing makes cats healthier, happier, less likely to wander: in short, desexed cats make better pets.	डिसेक्सड करने से बिल्लियाँ अधिक स्वस्थ, अधिक प्रसन्न होती हैं और उनके आवारा घूमने की संभावना कम होती है: संक्षेप में, डिसेक्सड बिल्लियाँ बेहतर पालतू पशु बनती हैं।
What is involved?	इसमें क्या शामिल है?
There are no known long-term risks associated with desexing or early-age desexing. Early-age desexing has been practised for more than 20 years and has been found to be medically and behaviourally safe for cats.	डिसेक्सड करने या प्रारम्भिक-आयु में डिसेक्सड करने से संबंधित लंबी-अवधि के कोई ज्ञात खतरे नहीं हैं। प्रारम्भिक-आयु में डिसेक्सड करने की प्रक्रिया का २० साल से अधिक की अवधि किया गया है और इसे बिल्लियों के लिए चिकित्सीय और व्यवहारिक रूप से सुरक्षित पाया गया है।
Female desexing (also called spaying/speying) involves the surgical removal of the ovaries and uterus (through a small incision on the side or on the belly) while the cat is under general anaesthetic. After surgery, the cat will need to rest and should be kept indoors and quiet for the next few days. You should keep an eye on the	बिल्लियों को डिसेक्स करने की प्रक्रिया (इसे स्प्रेइंग/स्पेइंग भी कहते हैं) में बिल्ली को जनरल एनेस्थेटिक देकर उसके अंडाशय और गर्भाशय को सर्जरी द्वारा हटाया जाता है (उसके पेट की एक ओर या पेट पर छोटा चीरा लगाकर)। सर्जरी के बाद, बिल्ली को आराम करने की ज़रूरत होगी और उसे अगले कुछ दिनों के लिए किसी अंदरूनी क्षेत्र में,शांत रखा जाना चाहिए। आपको चीरे के निशान पर नज़र रखनी चाहिए और यदि यह निशान सूजा हुआ या गीला लगे या इसमें से रक्त बहता नज़र आए तो आपको अपने पशु

incision scar and contact your vet if the scar appears to be swollen, weeping or bleeding. You will also need to know what type of stitches have been used and make sure your cat does not pull at them.	चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। आपको यह जानने की ज़रूरत भी होगी कि किस प्रकार के टांकों का प्रयोग किया गया है और यकीनी बनाएँ कि आपकी बिल्ली उन टांकों को खींचती नहीं है।
Male desexing (also called neutering) is also carried out under general anaesthetic and involves the removal of the testes through a small incision in the scrotum. There are no stitches. After surgery, the cat should be kept indoors and quiet for a few days.	बिल्लों को डिसेक्स करने की प्रक्रिया (इसे न्यूटरिंग भी कहते हैं) को भी जनरल एनेस्थेटिक के अधीन किया जाता है और इसमें अंडकोश में छोटा चीरा लगाकर वृषण को हटाया जाना शामिल होता है। इस प्रक्रिया में कोई टांकें नहीं लगाए जाते हैं। सर्जरी के बाद, बिल्ले को कुछ दिनों के लिए किसी अंदरूनी क्षेत्र में और शांत रखा जाना चाहिए।
Most male and female cats and kittens recover very quickly from desexing. Your vet will give you post-operative care instructions. Make sure your cat has plenty of fresh water to drink and offer them their favourite foods. Observe them closely and if your cat appears listless and doesn't have their normal appetite back within 24 hours you should contact your vet.	अधिकांश बिल्ले और बिल्लियाँ डिसेक्सड कराए जाने की प्रक्रिया से बहुत जल्दी स्वस्थ हो जाते हैं। आपका पशु चिकित्सक आपको ऑपरेशन के बाद के देखरेख निर्देश देंगे। यकीनी बनाएँ कि आपकी बिल्ली के पास पीने के लिए अत्यधिक मात्रा में ताजा पानी है और उन्हें उसका पसंदीदा खाना दें। उनपर नज़दीकी से नज़र बनाए रखें और यदि आपकी बिल्ली उदासीन लगे और यदि २४ घंटे में उसे सामान्य भूख लगना वापिस शुरू नहीं होता है तो अपने पशु चिकित्सक से संपर्क करें।
Benefits	लाभ
The benefits of desexing – no unwanted kittens; preventing the development of antisocial behaviours; and reducing the risks of a number of diseases – far outweigh the risks.	डिसेक्स करने के लाभ – कोई अवांछित बच्चे पैदा नहीं होंगे; समाज-विरोधी व्यवहार विकसित होने से रूकेगा; और कई रोगों के खतरों को कम करना – खतरों की तुलना में कहीं अधिक महत्वपूर्ण होते हैं।
Tragically, in NSW every year thousands of cats are euthanased (killed) in pounds and shelters because there are too many cats and kittens and not enough homes. You can help to stop this by ensuring your cat is desexed.	दुखद रूप से, ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स में प्रत्येक वर्ष हज़ारों बिल्लियाँ को बाड़ों और शरण-स्थानों में सुखमृत्यु (दर्द रहित मृत्यु) दी जाती है क्योंकि बिल्लियों और उनके बच्चों की संख्या बहुत अधिक है और उन्हें अपनाने वाले घर कम हैं। यह यकीनी बनाकर कि आपकी बिल्ली डिसेक्सड है आप इस काम को रोकने में मदद कर सकते हैं।
Different vet clinics charge different prices for desexing, varying from about $120 to about $300. **If you need assistance with accessing affordable desexing, Cat Protection can help**	विभिन्न पशु क्लिनिक डिसेक्स करने की प्रक्रिया के लिए अलग-अलग कीमतों का शुल्क लेते हैं ($१२० से लेकर $३०० तक)। **यदि किफायती डिसेक्स सेवा प्राप्त करने में आपको मदद चाहिए, तो बिल्ली संरक्षण (Cat Protection) आपकी सहायता कर सकती है।** यदि आप अंग्रेज़ी नहीं बोलते

you. If you don’t speak English, please ask an Englishspeaking friend or relative to call our office (9am-4pm, Monday to Friday, 9519 7201) and we can find a clinic or program that will provide you with discounted desexing for your cat.	हैं, तो कृपया अंग्रेज़ी बोलने वाले किसी मित्र या रिश्तेदार को हमारे कार्यालय पर फोन करने के लिए कहें (सुबह ९ बजे से लेकर शाम ४ बजे तक, सोमवार से शुक्रवार, ९५१९ ७२०१) और हम किसी ऐसी क्लिनिक या प्रोग्राम का पता लगा सकते हैं जो आपकी बिल्ली को डिसेक्स करने के लिए आपको शुल्क में छूट दे सकता है।
What is microchipping and registration?	माइक्रोचिपिंग और रजिस्ट्रेशन क्या है?
A microchip is the size of a grain of rice and contains a barcode which can be ‘read’ by a small hand-held device called a microchip scanner. A microchip is not a location or tracking device. It is implanted under the skin near the shoulders. The numbers from the microchip barcode are entered onto a database, the NSW Companion Animals Register and when you register your cat, your address and contact details are then linked to that microchip number.	माइक्रोचिप चावल के दाने के आकार की होती है और इसमें एक बारकोड होता है जिसे ‘माइक्रोचिप स्कैनर’ कहे जाने वाले हाथ में पकड़े जाने वाले छोटे उपकरण द्वारा ‘पढ़ा’ जा सकता है। माइक्रोचिप स्थान लोकेशन या ट्रैकिंग यंत्र नहीं है। इसे कंधों के पास त्वचा के नीचे स्थापित किया जाता है। माइक्रोचिप बारकोड के नम्बर न्यू साउथ वेल्स पालतू पशु रजिस्टर (NSW Companion Animals Register) डेटाबेस पर दर्ज की जाती है और जब आप अपनी बिल्ली को रजिस्टर करते हैं, तो फिर आपका पता और आपके संपर्क विवरण माइक्रोचिप नम्बर के साथ लिंक किए जाते हैं।
This means if your cat is lost and is taken to a pound or shelter, the staff there can use a scanner to ‘read’ your cat’s microchip number. When they look up that number in the Companion Animals Register they will see your contact details and will contact you to let you know your cat is with them.	इसका अर्थ यह है कि यदि आपकी बिल्ली खो जाती है और कोई इसे बाड़ या शरण-स्थान में लाता है, तो वहाँ के कर्मचारी आपकी बिल्ली के माइक्रोचिप नम्बर को ‘पढ़ने’ के लिए स्कैनर का प्रयोग कर सकते हैं। जब वे न्यू साउथ वेल्स पालतू पशु रजिस्टर (NSW Companion Animals Register) में उस नम्बर को देखते हैं तो उन्हें आपका संपर्क विवरण प्राप्त होगा और वे आपसे संपर्क करके आपको बताएँगे कि आपकी बिल्ली उनके पास है।
Your information is confidential and only authorised staff at councils, pounds, shelters and vet clinics can see it. It’s important to keep your details up-to-date so you can be reunited with your cat if they are ever lost. You can update your phone and address details by creating your own account with the NSW Pet Registry or by contacting your local council.	आपकी जानकारी गोपनीय है और केवल काउंसिल, बाड़ों, शरण-स्थानों और पशु क्लिनिकों में काम करने वाले अधिकृत कर्मचारी ही इसे देख सकते हैं। अपने विवरण अप-टू-डेट रखना महत्वपूर्ण है ताकि यदि आपकी बिल्ली खो जाती है तो उसे आपसे वापिस मिलाया जा सके। आप न्यू साउथ वेल्स पालतू पशु रजिस्ट्री (NSW Pet Registry) के साथ अपना खुद का लेखा (अकाउंट) बनाकर या अपनी स्थानीय काउंसिल से संपर्क करके अपने फोन और पते के विवरण अपडेट कर सकते हैं।

Microchipping and registering your pets is required by NSW law. The fee for registration is paid only once for each pet. As at September 2017, the lifetime registration fee for a desexed cat owned by an eligible pensioner is $23 or $55 for a non-pensioner. If your cat is not desexed, the fee is $201: another good reason to desex your cat.	न्यू साउथ वेल्स (NSW) के कानून के अनुसार यह आवश्यक है कि अपने पालतू पशुओं की माइक्रोचिपिंग और रजिस्ट्रेशन कराई जाए। रजिस्ट्रेशन शुल्क हर पालतू पशु के लिए साल में केवल एक बार दिया जाता है। सितम्बर २०१७ को किसी पात्र पेन्शनर द्वारा रखी डिसेक्स कराई हुई बिल्ली के जीवनकाल का रजिस्ट्रेशन शुल्क $२३ है और गैर-पेन्शनर व्यक्ति के लिए यह शुल्क $५५ है। यदि आपकी बिल्ली को डिसेक्स नहीं कराया गया है तो यह शुल्क $२०१ है: अपनी बिल्ली को डिसेक्स कराने का एक और बढ़िया कारण।
What medicine should my cat have?	मेरी बिल्ली को कौन सी दवाई खानी चाहिए?
All kittens should have their full course of F3 vaccinations and after that, boosters every one to three years, depending on your vet's advice. The F3 is known as a 'core' vaccine and it provides protection against Feline Panleukopaenia Virus, Feline Calicivirus and Feline Herpes Virus.	बिल्ली के सभी बच्चों को F3 के पूरे कोर्स के टीके लगने चाहिए और उसके बाद, हर एक से तीन साल बाद बूस्टर टीके लगने चाहिए, यह आपके पशु चिकित्सक की सलाह पर निर्भर करता है। F3 को 'प्रमुख' टीका कहा जाता है और यह फीलाइन पैनलोकोपिनिया वायरस, फीलाइन कैलीसिवायरस और फीलाइन हरपीज वायरस से सुरक्षा प्रदान करता है।
Your cat needs to be regularly treated to prevent parasites (fleas and worms). Never use products designed for dogs on your cat – these could kill your cat. Fleas and worms can cause serious health problems for your cat as well as issues for any other pets and people in your household.	अपनी बिल्ली को परजीवियों (पिस्सू और कीड़ों) से बचाने के लिए नियमित तौर पर उसका इलाज किए जाने की ज़रूरत होती है। अपनी बिल्ली के लिए कभी भी कुत्तों के लिए निर्मित उत्पादों का प्रयोग न करें – इनसे आपकी बिल्ली की मृत्यु हो सकती है। पिस्सुओं और कीड़ों से आपकी बिल्ली में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ और साथ ही आपके घर में रहने वाले अन्य पालतू पशुओं और लोगों के लिए समस्याएँ पैदा हो सकती हैं।
If your cat shows signs of illness (for example, loss of appetite or excessive thirst) or injury (for example, flinching when touched) or changed behaviours (such as hiding if they don't normally do this) you should take them to the vet. Even when your cat is healthy, you should take them to the vet once a year for a check-up: remember, 12 months is a long time in a cat's lifespan.	यदि आपकी बिल्ली किसी प्रकार के रोग से ग्रस्त दिखाई देती है (उदाहरणत: भूख की कमी या अत्यधिक प्यास लगना) या उसे चोट लगी प्रतीत होती है (उदाहरणत: छूने पर घबरा जाना) या उसका व्यवहार अलग सा लगता है (जैसे कि छुप जाना भले ही आम-तौर पर वह ऐसा न करती हो) तो आपको उसे पशु चिकित्सक के पास ले जाना चाहिए। चाहे आपकी बिल्ली स्वस्थ हो, फिर भी आपको उसे स्वास्थ्य जांच के लिए साल में एक बार पशु चिकित्सक के पास ले जाना चाहिए: याद रखें, किसी बिल्ली के जीवनकाल में १२ महीने का समय एक लम्बा समय है।

Nutrition and lifestyle	पोषण और जीवन-शैली
All cats need a good diet, plenty of fresh water (placed in bowls away from where their food is served), a clean litter tray and somewhere safe and comfortable to sleep. They also benefit from playtime – this helps to keep them mentally and physically healthy. You don't have to spend a lot of money – cats love cardboard boxes, chasing scrunched up paper and you can make food puzzles for them by putting your cat's biscuits in a cardboard tube (such as an empty toilet paper roll). Cats benefit from high places to perch – vertical space is important to cats – and they all need somewhere to stretch and work their claws, such as a sturdy scratching pole.	सभी बिल्लियों को अच्छी खुराक, बहुत सा ताजा पानी (इसे ऐसी कटोरियों में रखा जाना चाहिए जो उनकी भोजन की कटोरियों से दूर हो), मल-त्याग करने के लिए साफ ट्रे और सोने के लिए किसी सुरक्षित और आरामदायक स्थान की ज़रूरत होती है। उन्हें खेलकूद के समय से भी लाभ मिलता है – इससे उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। यह ज़रूरी नहीं है कि आप बहुत सा पैसा खर्च करें – बिल्लियों को गत्ते के डिब्बे तथा कागज को दाँतों से काटना और इसके पीछे भागना पसंद होता है और आप बिल्ली के बिस्कुटों को गत्ते की ट्यूब (जैसे कि खाली टॉयलेट पेपर रोल) में डाल कर उसके लिए भोजन से पहेली या खेल बना सकते हैं। बिल्लियों को ऊँचे स्थान पर बैठने से लाभ मिलता है – लंबरूपी स्थान भी बिल्लियों के लिए महत्वपूर्ण होता है – और सभी बिल्लियों को किसी ऐसे स्थान की ज़रूरत होती है जहाँ वे अँगड़ाई ले सकें और अपने पंजों का प्रयोग कर सकें जैसे कि खरोंचने वाला मज़बूत डंडा।
When buying cat food, make sure the label says "nutritionally complete and balanced" – cats have very particular dietary needs and can get very sick if they do not get all the vitamins and minerals they need. Dog food cannot substitute for cat food. Some cat food is labelled 'complementary' – this should be given only occasionally as a treat as it does not meet your cat's nutritional requirements.	बिल्ली का भोजन खरीदते समय, यह यकीनी बनाएँ कि लेबल पर "nutritionally complete and balanced (पौष्टिक रूप से संपूर्ण और संतुलित)" लिखा हुआ है – बिल्लियों की खुराक बहुत विशेष होती है और यदि इन्हें अपने लिए ज़रूरी सभी विटामिन और खनिज पदार्थ नहीं मिलते हैं तो ये बहुत बीमार पड़ सकती हैं। बिल्लियों को भोजन देने के लिए आप कुत्तों के भोजन का प्रयोग नहीं कर सकते हैं। बिल्लियों के कुछ प्रकार के भोजन पर 'complementary (अनुपूरक)' का लेबल लगा होता है – इसे केवल कभी-कभी दावत के तौर पर दिया जाना चाहिए क्योंकि यह आपकी बिल्ली की पौष्टिक ज़रूरतों को पूरा नहीं करता है।
If your cat is not exclusively indoors, try to contain them to your property by catproofing your fence. For the sake of your cat's health and safety, neighbourhood amenity and wildlife protection always keep your cat securely indoors overnight.	यदि आपकी बिल्ली हमेशा अंदरूनी क्षेत्रों में नहीं रहती है, तो अपनी फेंस (बाड़) को कैटप्रूफ करके बिल्ली को उसके अंदर ही रखने की कोशिश करें। अपनी बिल्ली के स्वास्थ्य और सुरक्षा, आस-पड़ोस की सुविधा और वन्यजीव संरक्षण के लिए अपनी बिल्ली को हमेशा रात के दौरान सुरक्षित रूप से अंदरूनी क्षेत्र में रखें।